राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तराखण्ड
State Council of Educational Research and Training, Uttarakhand
Tapovan Road, Nalapani, Dehradun
Phone: 0135-2789655 Fax: 0135-2789656, Website: www.scert.uk.gov.in
E-mail: scertuk@gmail.com, scert_ua@rediffmail.com

SCERT UK

पत्रांक : शि.शि.सेवापूर्व/7656-57/विज्ञप्ति/दो–I(29)/2022–23 दिनांक 02 दिसम्बर, 2023

द्वितीय डी.एल.एड. प्रशिक्षण 2021–22 प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की राज्य स्तरीय काउंसिलिंग में अनुपस्थित अभ्यर्थियों की राज्य स्तरीय काउंसिलिंग सम्बन्धी सूचना

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (एस.सी.ई.आर.टी.) उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा द्विवर्षीय डी.एड.एड. प्रशिक्षण 2021–22 प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की राज्य स्तरीय काउंसिलिंग दिनांक 24 अगस्त, 2023 से 06 सितम्बर, 2023 तक प्रथम काउंसिलिंग एवं दिनांक 11 अक्टूबर, 2023 से 13 अक्टूबर, 2023 तक द्वितीय काउंसिलिंग सम्पादित की गई। उक्त दोनों काउंसिलिंग में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि वे प्रदेश के विभिन्न जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में उक्त काउंसिलिंग के बाद अभ्यर्थियों के प्रवेशोपरान्त उपलब्ध रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश प्रक्रिया हेतु अपने समस्त शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य समस्त वांछनीय प्रमाणपत्रों (जिनका उल्लेख ऑनलाइन आवेदन पत्र में किया गया है) सहित एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड, देहरादून के सभागार में दिनांक 11 दिसम्बर, 2023 से 13 दिसम्बर, 2023 तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसे अभ्यर्थी जिनको पूर्व काउंसलिंग के आधार पर जनपद आबंटन प्रदान किया जा चुका है एवं अभ्यर्थी द्वारा संबंधित जनपद के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश लिया जा चुका है, यदि वे भी उक्त काउंसिलिंग में सम्मिलित होना चाहें तो वे भी उल्लेखित तिथियों को रिक्त सीटों के सापेक्ष सम्मिलित हो सकते हैं। उक्त काउंसिलिंग में सम्मिलित न होने की स्थिति में आपका अभ्यर्थन स्वतः निरस्त समझा जाएगा एवं इस संबंध में आपका कोई दावा मान्य नहीं होगा। उक्त काउंसिलिंग हेतु उपलब्ध जनपदवार, वर्गवार एवं श्रेणीवार रिक्त सीटों का विवरण एवं विस्तृत दिशा निर्देश एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड, देहरादून की वेबसाइट www.scert.uk.gov.in, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् उत्तराखण्ड, रामनगर, नैनीताल की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in तथा शिक्षा निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून की वेबसाइट www.schooleducation.uk.gov.in पर उपलब्ध हैं।

अपर निदेशक
एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड
देहरादून

पृ.सं. : शि.शि.सेवापूर्व/7656-57/विज्ञप्ति/दो–I(29)/2022–23 दिनांक – उक्तांकित्।

प्रतिलिपि : निम्नांकित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रधान सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण एवं अमर उजाला को इस निर्देश के साथ कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को 10 X 7 सेमी. के आकार में अपने लोकप्रिय समाचार पर को उस पृष्ठ पर प्रकाशित करेंगे, जिसका प्रचार–प्रसार पूरे राज्य में है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने के बाद, जिला सूचना अधिकारी से राजकीय दरों पर बिल प्रमाणित कर दो प्रतियों में इस कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।
2. मुख्य शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद उत्तराखण्ड एवं प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जनपद उत्तराखण्ड को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञप्ति के व्यापक प्रचार–प्रसार के दृष्टिगत अपने जनपद की वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

अपर निदेशक
एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड
देहरादून।